# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में दशमोत्तर एवं पूर्वदशम के छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति अंतरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने दस लाख अट्ठाइस हजार दो सौ पांच विद्यार्थियों को दो सौ सत्तानवे दशमलव नौ पांच करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति अंतरित की। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह सत्रह तक प्रदेश के अंदर केवल छियालीस लाख विद्यार्थी स्कॉलरशिप का लाभ पाते थे। अब यह संख्या बढ़कर बासठ लाख तक पहुंच गई है।

**यह व्यवस्था बनाई गई कि छात्रों को हम लोग वर्ष के अन्त में स्कॉलरशिप देने की बजाय अगर दो बार में स्कॉलरशिप अक्टूबर के माह में और जनवरी के माह में उपलब्ध करवा देंगे सभी छात्र इससे लाभान्वित हो जाएंगे। और मुझे प्रसन्नता है कि प्रभावी ढंग से यह कार्यक्रम प्रदेश के अंदर बड़े पैमाने पर आगे बढ़ रहे हैं। और उसी का परिणाम है कि 2016–17 तक जब प्रदेश के अंदर केवल छियालीस लाख बच्चे इस स्कॉलरशिप का लाभ प्राप्त कर पाते थे आज यह संख्या बढ़ कर के बासठ लाख तक पहुंच रही है।**

समारोह के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी ऊर्जा से समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें।

**********

प्रदेश सरकार ने अट्ठाइस लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इसे एक जुलाई दो हजार पचीस से लागू किया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार प्रदेश के सोलह दशमलव तीन पांच लाख कर्मचारियों तथा ग्यारह दशमलव पांच दो लाख पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को अब पचपन प्रतिशत के स्थान पर अट्ठावन प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभ मिलेगा। इस बढ़ोत्तरी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति संवेदना तथा सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा जताया कि दीपावली का यह उपहार कर्मचारियों के जीवन में नई उर्जा, प्रसन्नता और समृद्धि लेकर आएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बढ़े हुए महंगाई भत्ते एवं राहत का भुगतान इसी माह से नकद रूप में किया जाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि महापर्व दीपावली के अवसर पर यह निर्णय लगभग अट्ठाइस लाख कर्मयोगियों और पेंशनरों के जीवन में संतोष, सुरक्षा और समृद्धि का दीप जलाने के साथ ही उनके जीवन स्तर में सुधार का कारक बनेगा।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की नासिक उत्पादन इकाई में बने पहले तेजस एलसीए एमके वन ए लडाकू जेट विमान का आज अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने एचटीटी–40 प्रशिक्षु विमान बनाने वाली इकाई का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नासिक डिवीजन में निर्मित सुखोई–30, एलसीए और एचटीटी–40 विमानों की सराहना की और कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की उड़ान है।

**आज एक लाइट कॉम्बेक्ट एयरक्राफ्ट मार्क वन ए तेजस की थर्ड प्रोडक्शन लाइन का उद्घाटन हो रहा है। इसके साथ ही एचटीटी 40, एयरक्राफ्ट की सेकेंड प्रोडशन लाइन का भी उद्घाटन हुआ है। जब मैंने नासिक डिवीजन में तैयार किये गये सुखोई–30, एलसीए और एचटीटी 40 विमानों की उडान देखी तो मेरा सीना गर्व से चौडा हो गया। उनकी उडान में इस रूप में देख रहा था, ये भारत की आत्मनिर्भरता की उड़ान है।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अरेस्ट के मामलें को गंभीरता से लेते हुए केंद्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई से जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों का स्वतः संज्ञान लिया है, जिनमें धोखेबाज कानून प्रवर्तन एजेंसियों या न्यायिक अधिकारियों का रूप धारण करके नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाते हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। यह उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। एक रिपोर्ट–

***चाय पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगने से चाय उद्योग को लाभ मिला है इसके साथ ही पारंपरिक महत्व के उत्पाद जैसे मूंगा सिल्क और गमोसा पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है इससे बुनकरों को राहत मिली है वह अपने उत्पादन बेहतर दाम पर बेच पा रहे हैं और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है पर्यटन क्षेत्र को भी इस सुधार से फायदा हुआ है अब 7 हजार पांच सौ रुपये तक प्रति रात के होटल कमरों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है शिवांग मिश्रा के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस साल दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां रामायण वैक्स म्यूजियम का भी उद्घाटन करेंगे। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि विश्व के इस पहले रामायण वैक्स म्यूजियम में करीब छह करोड़ की लागत से त्रेता युग की पूरी कथा को जीवंत किया गया है। इसमें भगवान राम और माता सीता सहित करीब पचास प्रमुख देवी–देवताओं की मोम की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

**********